प्रेस विज्ञप्ति

# गोविन्द बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय
# पन्तनगर, जिला– ऊधमसिंहनगर (उत्तराखण्ड)

## यूजी व पीजी की काउंसिलिंग कल से
## पंतनगर विश्वविद्यालय की काउंसिलिंग प्रक्रिया शुरू

पन्तनगर। 07 जुलाई 2023। विश्वविद्यालय में 2023–24 की काउंसिलिंग ऑनलाइन आधार पर 10 जुलाई से प्रारम्भ हो रही है। परीक्षा नियंत्रक डा. विनोद कुमार ने बताया कि स्नातक (यूजी), स्नातकोत्तर (पीजी) व एमसीए की प्रवेश प्रक्रिया 10 जुलाई से प्रारम्भ होकर 15 जुलाई तक चलेगी।

परीक्षा नियंत्रक कार्यालय में परीक्षा नियंत्रक डा. विनोद कुमार ने बताया कि एडमिशन कमेटी की संस्तुति पर विश्वविद्यालय के कुलपति द्वारा काउंसिलिंग प्रक्रिया की तिथियों को अपनी स्वीकृति प्रदान कर दी है। इसके आधार पर 10 से 15 जुलाई तक स्नातक (यूजी), स्नातकोत्तर (पीजी) व एमसीए की काउंसिलिंग शुरू की जायेगी, जबकि काउंसिलिंग में भाग लेने वाले अभ्यर्थियों को 21 जुलाई को सीट आवंटन का कार्य किया जायेगा। स्नातक (यूजी), स्नातकोत्तर व एमसीए के लिए 22 से 24 जुलाई तक फीस जमा करने की तिथि निर्धारित की गई है। साथ ही 25 से 27 जुलाई तक स्नातक (यूजी) स्तर के अभ्यर्थी अपने सभी प्रमाण–पत्रों का सत्यापन करायेंगे, जबकि स्नातकोत्तर (पीजी) स्तर के अभ्यर्थी 28 जुलाई को अपने प्रमाण–पत्रों का सत्यापन करायेंगे। डा. कुमार ने कहा कि काउंसिलिंग के सफल अभ्यर्थी अपने सभी प्रमाण–पत्रों का सत्यापन कृषि महाविद्यालय के डा. बी.बी. सिंह ऑडिटोरियम में करायेंगे। परीक्षा नियंत्रक डा. कुमार ने बताया कि अभ्यर्थी अपने विकल्प भरने के लिए www.gbpuat.org.in पर जाकर अपने पसंद की सीट को भरेंगे।



*पंतनगर का प्रशासनिक भवन।*